1. Nothing is an offence which is done by a person who at the time of doing it, was of unsound mind, because
   (a) he is unable of knowing the nature of the act.
   (b) committed offence impulsively.
   (c) Both (a) and (b).
   (d) None of these.

2. 'A' threatens to publish a defamatory libel concerning Z, unless Z gives him money. He thus induces Z to give him money. A has committed the offence of :
   (a) Theft
   (b) Extortion
   (c) Dishonest misappropriation of property
   (d) Criminal breach of trust

3. A instigates B to murder D, B in pursuance of instigation stabs D, D recovers from wound, A is guilty of :
   (a) Hurt (b) Grievious hurt
   (c) Abetment (d) Criminal conspiracy

4. 'A' places men with firearms at the outlets of building and tells 'Z' that they will fire at 'Z', if he attempts to leave the building. 'A' has committed the offence of
   (a) Wrongful confinement (b) Wrongful restraint
   (c) Hurt (d) None of these

5. Rioting while armed with deadly weapon is punishable under which section of Indian Penal Code ?
   (a) Section 159 (b) Section 146 (c) Section 147 (d) Section 148

6. For committing criminal conspiracy the minimum persons are required :
   (a) seven (b) five (c) two (d) three

7. What is not correct about the self defence ?
   (a) Nothing is an offence which is done in exercise of right of private defence.
   (b) Right to private defence is extended to causing death in the case of defamation.
   (c) Right of private defence is extended to causing death in the case of robbery.
   (d) There is no right of private defence if there is time to have recourse to protection of public authorities.

8. Life imprisonment means imprisonment for
   (a) Whole life (b) 14 years (c) 20 years (d) 24 years

9. Section 498-A of Indian Penal Code was enacted to
   (a) meet the cases of child marriage.
   (b) to meet the cases of dowry death.
   (c) to the meet the case of sexual harassment.
   (d) None of these

10. Under which section of Indian Penal Code, act done in pursuance of the judgement or order of the court is not an offence ?
   (a) Section 94 (b) Section 92 (c) Section 79 (d) Section 78

1. कोई बात अपराध नहीं है जो ऐसे व्यक्ति द्वारा की जाती है जो उसे करते समय चित्त विकृत था, क्योंकि
   (a) वह कार्य की प्रकृति को जानने में असमर्थ है ।
   (b) उसने उत्तेजना (इम्पल्स) के कारण अपराध कारित किया ।
   (c) दोनों (a) और (b)
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. 'क' यह धमकी देता है कि यदि 'य' ने उसको धन नहीं दिया, तो वह 'य' के बारे में मानहानिकारक अपमान लेख प्रकाशित करेगा । अपने को धन देने के लिए वह इस प्रकार 'य' को उत्प्रेरित करता है, 'क' ने अपराध किया :
   (a) चोरी का
   (b) उद्दापन का
   (c) सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग का
   (d) आपराधिक न्यासभंग का

3. 'घ' की हत्या करने के लिए 'ख' को 'क' उकसाता है । 'ख' उकसाए जाने के अनुसरण में 'घ' का बेधन कर देता है । 'घ' का घाव अच्छा हो जाता है । 'क' दोषी है :
   (a) उपहति का
   (b) घोर उपहति का
   (c) दुष्प्रेरण का
   (d) आपराधिक षड्यन्त्र का

4. 'क' एक भवन के बाहर जाने के द्वारों पर बन्दूकधारी मनुष्यों को बैठा देता है, और 'य' से कह देता है कि यदि 'य' भवन के बाहर जाने का प्रयत्न करेगा, तो वे 'य' को गोली मार देंगे । 'क' ने कौन सा अपराध किया ?
   (a) सदोष परिरोध का
   (b) सदोष अवरोध का
   (c) उपहति का
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. घातक आयुधों से सज्जित होकर बलवा करना भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत दण्डनीय है ?
   (a) धारा 159 (b) धारा 146 (c) धारा 147 (d) धारा 148

6. आपराधिक षड्यन्त्र का अपराध कारित करने के लिए न्यूनतम व्यक्तियों की आवश्यकता है :
   (a) सात (b) पाँच (c) दो (d) तीन

7. आत्म प्रतिरक्षा के बारे में क्या सही नहीं है ?
   (a) प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में किया गया कार्य अपराध नहीं है ।
   (b) मानहानि के प्रकरण में प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार मृत्यु कारित करने तक विस्तारित है ।
   (c) लूट के प्रकरण में प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार मृत्यु कारित करने तक विस्तारित है ।
   (d) यदि लोक प्राधिकारियों से सुरक्षा प्राप्त करने का समय उपलब्ध है, तो प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार नहीं है ।

8. आजीवन कारावास का अर्थ कितने कारावास से होता है ?
   (a) सम्पूर्ण जीवन (b) 14 वर्ष (c) 20 वर्ष (d) 24 वर्ष

9. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498-क को किसलिए अधिनियमित किया गया ?
   (a) बाल विवाह रोकने के लिए
   (b) दहेज मृत्यु रोकने के लिए
   (c) यौन उत्पीड़न के मामले रोकने के लिए
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

10. भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसरण में किया गया कार्य अपराध नहीं है ?
   (a) धारा 94 (b) धारा 92 (c) धारा 79 (d) धारा 78

11. Voluntarily throwing or attempting to throw acid is an offence punishable in Indian Penal Code 1860 under :

(a) Section 326 A (b) Section 326 B (c) Section 314 (d) Section 320

12. 'A' surgeon, in good faith communicates to a patient his opinion that he cannot live. The patient dies in consequence of the shock. Determine the liability of A.

(a) 'A' is guilty as he should have withheld the communication.

(b) 'A' is not guilty as he did it for the benefit of the person.

(c) 'A' is not guilty as he did not give any false hopes.

(d) Both (b) and (c) are correct.

13. According to Criminal Law (Amendment) Act 2013, the right of private defence of the body extends to the voluntary causing of death or of any other harm to the assailant if the offence which occasions the exercise of the right is the act of

(a) Stalking (b) Voyeurism (c) Acid attack cases (d) All of these

14. Under which of the following provisions of the Indian Evidence Act 1872 the words, "When facts not otherwise relevant become relevant occurs" ?

(a) Section 14 (b) Section 11 (c) Section 7 (d) Section 10

15. By whom dying declaration should be recorded ?

(a) By Doctor (b) By Village Pradhan

(c) By Magistrate (d) By Investigation Officer

16. It was held in Bapu v/s. State of Maharashtra (2006 SC) that :

(a) Dying declaration is relevant in both civil and criminal cases when cause of death is in question.

(b) A dumb person can be a competent witness.

(c) Admission of one fact may be relevant for finding out another fact.

(d) Cross examination may be held immediately after examination-in-chief.

17. What questions cannot be asked in examination-in-chief ?

(a) Irrelevant question (b) Introducing question

(c) Cross question (d) Leading question

18. 'A' abets 'B' to commit murder of 'C'. 'B' refused to do so. What will be the legal position ?

(a) No offence has taken place.

(b) 'A' is guilty for attempting murder of 'C'.

(c) 'B' is guilty for conspiracy.

(d) 'A' is liable for abetment of murder of 'C'.

11. भारतीय दण्ड संहिता 1860 में स्वेच्छा से अम्ल फेंकना अथवा अम्ल फेंकने का प्रयास दण्डनीय है, अन्तर्गत :

(a) धारा 326 क (b) धारा 326 ख (c) धारा 314 (d) धारा 320

12. 'क' शल्य चिकित्सक सद्भावना से एक रोगी को बताता है कि उसकी राय में वह जीवित नहीं रह सकता है । परिणामतः रोगी की आघात से मृत्यु हो जाती है । 'क' के दायित्व का निर्धारण करें ।

(a) 'क' दोषी है, उसको जानकारी नहीं बतानी चाहिए थी ।
(b) 'क' दोषी नहीं है, उसने ऐसा व्यक्ति के फायदे के लिए किया ।
(c) 'क' दोषी नहीं है, उसने कोई मिथ्या आशा नहीं दी ।
(d) (b) और (c) दोनों सही हैं ।

13. आपराधिक विधि (संशोधन) अधिनियम 2013, के अनुसार शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार आक्रमणकारी की स्वेच्छा से मृत्यु कारित करने या कोई अन्य क्षति कारित करने तक है, यदि अधिकार का उपयोग अपराध करने के अवसर पर किया है :

(a) पीछा करना (b) ताक-झांक करना
(c) अम्ल से आक्रमण के मामले (d) उपर्युक्त सभी

14. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के निम्नलिखित में से किस उपबंधों में "वे तथ्य जो अन्यथा सुसंगत नहीं है, कब सुसंगत हैं" शब्दों का प्रयोग हुआ है ?

(a) धारा 14 में (b) धारा 11 में (c) धारा 7 में (d) धारा 10 में

15. मृत्युकालिक कथन किसके द्वारा अभिलिखित किया जाना चाहिए ?

(a) चिकित्सक के द्वारा (b) ग्राम प्रधान के द्वारा
(c) मजिस्ट्रेट के द्वारा (d) अन्वेषण अधिकारी के द्वारा

16. बापू बनाम महाराष्ट्र राज्य (2006 SC) वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि

(a) सिविल और आपराधिक दोनों मामलों में मृत्युकालिक कथन सुसंगत है, जबकि मृत्यु का कारण प्रश्नगत हो ।
(b) एक गूंगा व्यक्ति सक्षम साक्षी हो सकता है ।
(c) एक तथ्य की स्वीकृति दूसरे तथ्य का पता लगाने के लिए सुसंगत हो सकती है ।
(d) मुख्य परीक्षा के तुरन्त पश्चात् प्रति-परीक्षण हो सकता है ।

17. मुख्य परीक्षा में कौन से प्रश्न नहीं पूछे जा सकते ?

(a) असंगत प्रश्न (b) परिचायक प्रश्न (c) प्रति प्रश्न (d) सूचक प्रश्न

18. 'अ', 'ब' को 'स' की हत्या करने के लिए उकसाता है । 'ब' ऐसा करने से मना कर देता है । विधिक स्थिति क्या बनेगी ?

(a) कोई अपराध घटित नहीं हुआ ।
(b) 'अ', 'स' की हत्या के प्रयास का दोषी है ।
(c) 'ब' षड्यन्त्र का दोषी है ।
(d) 'अ', 'स' की हत्या के दुष्प्रेरण का दोषी है ।

**19.** Which one of the following is a leading case on estoppel ?
(a) Kailash Chandra v/s. State of Bihar 1972 S.C.
(b) Sharat Chandra Dey v/s. Gopal Chandra Saha 20 (Cal.) 296 (P.C.)
(c) S.D. Khare v/s. Satish Kumar 1964 S.C.
(d) Manoj Rai v/s. Thakur Prasad ILR 30 Bom. 180 (P.C.)

**20.** According to which Section of the Indian Evidence Act the contents of electronic record can be proved ?
(a) Section 65 A (b) Section 66 (c) Section 65 B (d) Section 67

**21.** "When an injured person is unable to speak then he can make dying declaration by signs", was held in
(a) Queen v/s. Abdullah
(b) Sita Ram v/s. State of U.P.
(c) Ram Bihari Yadav v/s. State of Bihar
(d) State of Karnataka v/s. Sarif

**22.** Under which section of the Indian Evidence Act, DNA test is admissible in evidence ?
(a) Section 47 (b) Section 49 (c) Section 48 (d) Section 45

**23.** In which of the following case constitutional validity of Section 27 of the Indian Evidence Act was challenged on the basis of being violative of Art 20(3) of the Constitution ?
(a) State of Bombay v/s. Kathi Kalu
(b) State of U.P. v/s. Deoman Upadhyay
(c) Nandini Satpathi v/s. P.L. Dhani
(d) Inayatullah v/s. State of Maharashtra

**24.** Under the Indian Evidence Act the photograph of a building is :
(a) A primary evidence (b) A secondary evidence
(c) No evidence (d) None of these

**25.** The case of Palvinder Kaur v/s. State of Punjab is related to which of the following ?
(a) Admission (b) Secondary evidence
(c) Confession (d) Estoppel

**26.** Which of the following section of the Indian Evidence Act provides for the admissibility of the secondary evidence ?
(a) Section 60 (b) Section 61 (c) Section 63 (d) Section 65

**27.** Which of the following is not a public document ?
(a) Post mortem report (b) Charge sheet
(c) Arrest warrant (d) A registered sale-deed

**28.** In which case was it held that tape recorded conversation is relevant under Section 6, 7 and 8 of Indian Evidence Act ?
(a) Ravindra v/s. State of Andhra Pradesh 1980 S.C.
(b) R.M. Malkani v/s. State of Maharashtra 1973 S.C.
(c) G.V. Rao v/s. State of Karnataka 1996 S.C.
(d) K.N. Goswami v/s. State of U.P. 1992 S.C.

19. इस्टॉपेल (विबंधन) से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा अग्रनिर्णय है ?
(a) कैलाशचन्द्र बनाम बिहार राज्य 1972 एस सी
(b) शरतचन्द्र डे बनाम गोपालचन्द्र साहा 20 कलकत्ता 296 (पीसी)
(c) एस.डी. खरे बनाम सतीश कुमार 1964 एस सी
(d) मनोज राय बनाम ठाकुर प्रसाद आई एल आर 30 बम्बई 180 (पीसी)

20. इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की अंतर्वस्तुएँ भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के प्रावधानों के अनुसार साबित की जा सकेगी ?
(a) धारा 65 क (b) धारा 66 (c) धारा 65 ख (d) धारा 67

21. "जब कोई घायल व्यक्ति बोलने में असमर्थ हो तो वह संकेतों से मृत्युकालिक कथन कर सकता है ।" अभिनिर्धारित किया गया था :
(a) क्वीन बनाम अब्दुल्लाह में (b) सीता राम बनाम उत्तरप्रदेश राज्य में
(c) राम बिहारी यादव बनाम बिहार राज्य में (d) कर्नाटक राज्य बनाम शरीफ में

22. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में डी एन ए टेस्ट साक्ष्य के रूप में ग्राह्य है ?
(a) धारा 47 में (b) धारा 49 में (c) धारा 48 में (d) धारा 45 में

23. निम्नलिखित वाद में से किसमें भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 की सांविधानिकता को संविधान के अनुच्छेद 20(3) के अतिक्रमण के आधार पर चुनौती दी गई थी ?
(a) बाम्बे राज्य बनाम कथी कालू (b) उत्तरप्रदेश राज्य बनाम देवमन उपाध्याय
(c) नन्दनी सतपथी बनाम पी एल धानी (d) इनायतउल्लाह बनाम महाराष्ट्र राज्य

24. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत एक भवन का फोटोग्राफ है :
(a) एक प्राथमिक साक्ष्य (b) एक द्वितीयक साक्ष्य
(c) कोई साक्ष्य नहीं (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. पलविन्दर कौर बनाम पंजाब राज्य का वाद निम्न में से किससे सम्बन्धित है ?
(a) स्वीकृति से (b) द्वितीयक साक्ष्य से (c) संस्वीकृति से (d) विबन्धन से

26. निम्न में से भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा द्वितीयक साक्ष्य की ग्राह्यता का प्रावधान करती है ?
(a) धारा 60 (b) धारा 61 (c) धारा 63 (d) धारा 65

27. निम्नलिखित में से कौन सा लोक दस्तावेज नहीं है ?
(a) पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट (b) आरोप पत्र
(c) गिरफ्तारी का वारंट (d) एक पंजीकृत विक्रय विलेख

28. किस वाद में यह अभिनिर्धारित हुआ था कि टेपरिकार्डेड बातचीत भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 6, 7 एवं 8 के अन्तर्गत सुसंगत है ?
(a) रविन्द्र बनाम आन्ध्रप्रदेश राज्य 1980 एस सी
(b) आर.एम. मलकानी बनाम महाराष्ट्र राज्य 1973 एस सी
(c) जी.वी. राव बनाम कर्नाटक राज्य 1996 एस सी
(d) के.एन. गोस्वामी बनाम उ.प्र. राज्य 1992 एस सी

**29.** Which of the following Section of the Indian Evidence Act defines public documents ?
(a) Section 34 (b) Section 35 (c) Section 74 (d) Section 78

**30.** Presumption as to electronic records and electronic signatures is provided under which Section of the Evidence Act ?
(a) Section 65 A (b) Section 85 A (c) Section 88 A (d) Section 85 B

**31.** 'A' is charged with travelling without ticket in Railway. The burden of proving that he had purchased ticket is
(a) on accused 'A' (b) on prosecution
(c) on ticket seller (d) on ticket collector

**32.** Which of the following court passed the judgement in the case of Pakala Narayan Swami v/s. Emperor ?
(a) Calcutta High Court (b) Privy Council
(c) Supreme Court of India (d) Federal Court of India

**33.** Which of the following facts does not find mention as showing existence of state of mind or of body or bodily feeling under Section 14 of the Indian Evidence Act ?
(a) Knowledge (b) Good faith (c) Negligence (d) Motive

**34.** Under which Section of the Indian Evidence Act, presumption as to abetment of suicide by a married woman may be found ?
(a) Section 111 A (b) Section 113 B (c) Section 113 A (d) Section 114 A

**35.** Which is not a kind of Evidence ?
(a) Read Evidence (b) Oral Evidence
(c) Hearsay Evidence (d) Secondary Evidence

**36.** Under which Section of Indian Evidence Act, provision regarding right to refresh memory has been provided ?
(a) Section 154 (b) Section 156 (c) Section 159 (d) Section 162

**37.** Which evidence has more value in case of date of birth ?
(a) Medical evidence
(b) School certificate as public document
(c) Evidence of school headmaster
(d) Oral evidence by father

**38.** Which of the following Section of the Indian Evidence Act is not related to the Criminal matters ?
(a) Section 23 (b) Section 27 (c) Section 53 (d) Section 133

**39.** Under which Section of the Criminal Procedure Code, 1973 the term 'public prosecutor' has been defined ?
(a) Section 2 (d) (b) Section 2 (m) (c) Section 2 (o) (d) Section 2 (u)

**40.** Under Indian Evidence Act, 1872, which confession is not admissible ?
(a) Confession before magistrate (b) Confession in police custody
(c) Voluntary confession (d) Confession before a private person

**29.** निम्न में से भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा लोक दस्तावेज को परिभाषित करती है ?

(a) धारा 34 (b) धारा 35 (c) धारा 74 (d) धारा 78

**30.** इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों तथा इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर के सम्बन्ध में उपधारणा का प्रावधान भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में है ?

(a) धारा 65 क (b) धारा 85 क (c) धारा 88 क (d) धारा 85 ख

**31.** 'क' पर रेल से बिना टिकट यात्रा करने का आरोप है । यह साबित करने का भार कि उसने टिकट खरीदा था, किस पर है ?

(a) अभियुक्त 'क' पर
(b) अभियोजक पर
(c) टिकट विक्रेता पर
(d) टिकट कलेक्टर (संग्रहीतकर्ता) पर

**32.** निम्न में से किस न्यायालय ने पाकला नारायण स्वामी बनाम इम्प्रेर के वाद में निर्णय दिया था ?

(a) कलकत्ता उच्च न्यायालय ने
(b) प्रीवी काउंसिल ने
(c) भारत के उच्चतम न्यायालय ने
(d) भारत के संघीय न्यायालय ने

**33.** निम्नलिखित में कौन सा तथ्य भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 14 में मन या शरीर की दशा या शारीरिक संवेदना का अस्तित्व दर्शाने के रूप में वर्णित नहीं है ?

(a) ज्ञान (b) सद्भावना (c) उपेक्षा (d) हेतु

**34.** एक विवाहिता स्त्री को आत्महत्या के लिए उकसाने सम्बन्धी उपधारणा भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में है ?

(a) धारा 111 क में (b) धारा 113 ख में (c) धारा 113 क में (d) धारा 114 क में

**35.** कौन सा साक्ष्य का एक प्रकार नहीं है ?

(a) पढ़ी गई साक्ष्य (b) मौखिक साक्ष्य (c) अनुश्रुत साक्ष्य (d) द्वितीयक साक्ष्य

**36.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में स्मृति ताजा करने के अधिकार सम्बन्धी प्रावधान प्रदत्त है ?

(a) धारा 154 में (b) धारा 156 में (c) धारा 159 में (d) धारा 162 में

**37.** जन्म तिथि के विषय में किस साक्ष्य का अधिक मूल्य है ?

(a) चिकित्सकीय साक्ष्य का
(b) लोक अभिलेख के रूप में स्कूल प्रमाणपत्र का
(c) स्कूल हेडमास्टर के साक्ष्य का
(d) पिता द्वारा प्रस्तुत मौखिक साक्ष्य का

**38.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन सी धारा आपराधिक मामलों से सम्बन्धित नहीं है ?

(a) धारा 23 (b) धारा 27 (c) धारा 53 (d) धारा 133

**39.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा में शब्द 'लोक अभियोजक' परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 2 (घ) (b) धारा 2 (ड) (c) धारा 2 (ण) (d) धारा 2 (प)

**40.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत, कौन सी संस्वीकृति ग्राह्य नहीं है ?

(a) मजिस्ट्रेट के समक्ष की हुई संस्वीकृति
(b) पुलिस अभिरक्षा में की हुई संस्वीकृति
(c) स्वेच्छापूर्वक की गई संस्वीकृति
(d) प्राइवेट व्यक्ति के समक्ष की गई संस्वीकृति

41. Section 43 of Code of Criminal Procedure, 1973 provides that "any private person may arrest any person", who in his presence commits :
(a) Cognizable offence only
(b) Non-cognizable and non-bailable offence
(c) Cognizable and non-bailable offence
(d) Non-bailable offence only

42. Which of the following Section of the Code of Criminal Procedure, 1973 prohibit the male police officer from touching the person of a woman while making her arrest ?
(a) Proviso to Section 41(1) (b) Proviso to Section 54(A)
(c) Proviso to Section 42(2) (d) Proviso to Section 46(1)

43. Which section of Criminal Procedure Code, 1973 provides the 'right of arrested person to meet an advocate of his choice during interrogation' ?
(a) Section 41 D (b) Section 41 B (c) Section 41 C (d) Section 41 A

44. How long a warrant of arrest shall remain inforce ?
(a) Two years (b) Three years
(c) Until executed or cancelled (d) None of these

45. Which Section of Criminal Procedure Code, 1973 provides that "in every enquiry or trial the proceeding shall be continued from day to day until all the witnesses in attendance have been examined" ?
(a) Section 313 (b) Section 309 (c) Section 315 (d) Section 316

46. Under which Section of the Criminal Procedure Code, 1973 any court may alter or add to any charge at any time before judgement is pronounced ?
(a) Section 212 (b) Section 215 (c) Section 217 (d) Section 216

47. Which Section of the Criminal Procedure Code, 1973 provides that 'any court may at any stage of any inquiry, trial or other proceeding under this code, summon any person as a witness' ?
(a) Section 311 (b) Section 312 (c) Section 313 (d) Section 314

48. Which of the following combination is not correctly matched ?
(a) Contents of charge – Section 211
(b) Recall of witness when charge altered – Section 216
(c) Trial for more than one offence – Section 220
(d) What persons may be charged jointly – Section 223

49. Section 9(2) of the Code of Criminal Procedure, 1973 provides
(a) Establishment of the court of session in every session division.
(b) Every court of session shall be presided by a judge to be appointed by the High Court.
(c) Session judge of one session division may be appointed as an additional session judge of another division.
(d) None of these

41. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 43 में प्रावधान है कि "कोई प्राइवेट व्यक्ति किसी व्यक्ति को जो उसकी उपस्थिति में अपराध करता है, गिरफ्तार कर सकेगा," यदि वह –
(a) केवल संज्ञेय अपराध करता है ।
(b) असंज्ञेय और अजमानतीय अपराध करता है ।
(c) संज्ञेय और अजमानतीय अपराध करता है ।
(d) केवल अजमानतीय अपराध करता है ।

42. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्न धाराओं में से कौन सी धारा किसी पुरुष पुलिस अधिकारी को महिला की गिरफ्तारी के समय उसके शरीर को छूने की स्वीकृति नहीं देती है ?
(a) धारा 41 (1) का परन्तुक
(b) धारा 54 (क) का परन्तुक
(c) धारा 42 (2) का परन्तुक
(d) धारा 46 (1) का परन्तुक

43. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की किस धारा में 'गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पूछताछ के दौरान अपनी पसंद के अधिवक्ता से मिलने का अधिकार' का प्रावधान है ?
(a) धारा 41 घ में
(b) धारा 41 ख में
(c) धारा 41 ग में
(d) धारा 41 क में

44. गिरफ्तारी का वारण्ट किस अवधि तक प्रवर्तन में रहेगा ?
(a) दो वर्ष
(b) तीन वर्ष
(c) जब तक निष्पादित न हो या रद् न कर दिया जाए
(d) इनमें से कोई नहीं

45. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा में यह प्रावधान है कि "प्रत्येक जाँच या विचारण में कार्यवाहियाँ सभी हाजिर साक्षियों की परीक्षा हो जाने तक दिन प्रतिदिन रखी जायेगी" ?
(a) धारा 313 में
(b) धारा 309 में
(c) धारा 315 में
(d) धारा 316 में

46. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा के अन्तर्गत कोई न्यायालय निर्णय सुनाए जाने के पूर्व किसी समय किसी भी आरोप को परिवर्तन या परिवर्द्धन कर सकता है ?
(a) धारा 212 में
(b) धारा 215 में
(c) धारा 217 में
(d) धारा 216 में

47. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा में यह प्रावधान है कि कोई न्यायालय इस संहिता के अधीन किसी जाँच, विचारण या अन्य कार्यवाही के किसी प्रक्रम में किसी व्यक्ति को साक्षी के तौर पर समन कर सकता है ?
(a) धारा 311
(b) धारा 312
(c) धारा 313
(d) धारा 314

48. निम्नलिखित संयोजनों में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
(a) आरोप की अन्तर्वस्तु – धारा 211
(b) जब आरोप परिवर्तित किया जाता है, तब साक्षियों को पुनः बुलाया जाना – धारा 216
(c) एक से अधिक अपराधों के लिए विचारण – धारा 220
(d) किन व्यक्तियों पर संयुक्त रूप से आरोप लगाया जा सकेगा – धारा 223

49. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 9(2) प्रावधान करता है :
(a) प्रत्येक सेशन खण्ड के लिए एक सेशन न्यायालय की स्थापना
(b) प्रत्येक सेशन न्यायालय में एक पीठासीन न्यायाधीश होगा, जो उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त किया जायेगा ।
(c) एक सेशन खण्ड के सेशन न्यायाधीश को दूसरे खण्ड का अपर सेशन न्यायाधीश भी नियुक्त किया जा सकता है ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**50.** Public Prosecutor under Section 24 of the Criminal Procedure Code, 1973 represents to
(a) Police (b) Society (c) Victim (d) State

**51.** Custody and arrest are
(a) synonymous
(b) not different in terms of restraint
(c) different in respect of procedure
(d) different in respect of remedy

**52.** Under which Section of Criminal Procedure Code, 1973 law of Service of Summon on government servant is provided ?
(a) Section 66 (b) Section 64 (c) Section 67 (d) Section 63

**53.** The court of a metropolitan magistrate shall have the powers of the court of
(a) A Chief Judicial Magistrate
(b) A Judicial Magistrate of the first class
(c) A Judicial Magistrate of the second class
(d) None of these

**54.** An offence may be tried summarily if it is not punishable with an imprisonment for a term exceeding
(a) Six months (b) one year (c) two years (d) three years

**55.** Which of the following Section of the Code of Criminal Procedure, provides for 'Victim Compensation Scheme' ?
(a) Section 357 (b) Section 357 A (c) Section 357 B (d) Section 357 C

**56.** Who among the following, is empowered to exercise power of revision under Criminal Procedure Code, 1973 ?
(a) Judicial Magistrate first class
(b) Chief Metropolitan Magistrate
(c) Executive Magistrate
(d) Court of Session and High Court

**57.** Section 439 of the Criminal Procedure Code, 1973 provides :
(a) Special powers of High Court or Court of Session regarding bail
(b) Discharge of Sureties
(c) Deposit instead of recognizance
(d) Discharge from custody

**58.** Which of the following Section of Criminal Procedure Code provides that "when any person is sentenced to death, the sentence shall direct that he be hanged by the neck till he is dead" ?
(a) Section 354(2)
(b) Section 354(3)
(c) Section 354(4)
(d) Section 354(5)

**59.** Discharge of offender on submission of apology is prescribed in Criminal Procedure Code, 1973 under
(a) Section 339 (b) Section 348 (c) Section 388 (d) Section 458

**60.** Which of the following provisions deals with appeal from orders under Section 446 of Criminal Procedure Code, 1973 ?
(a) Section 286 (b) Section 388 (c) Section 449 (d) Section 450

**61.** The provision of general control with reference to Judicial Magistrate is dealt by :
(a) Section 13 of the Criminal Procedure Code
(b) Section 14(C) of the Criminal Procedure Code
(c) Section 15 of the Criminal Procedure Code
(d) Section 12 of the Criminal Procedure Code

**50.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 24 के अन्तर्गत लोक अभियोजक प्रतिनिधित्व करता है :

(a) पुलिस का (b) समाज का (c) पीड़ित का (d) राज्य का

**51.** अभिरक्षा तथा गिरफ्तारी :

(a) समानार्धक हैं । (b) अवरोध के अर्थ में भिन्न नहीं हैं ।

(c) प्रक्रिया के आलोक में भिन्न हैं । (d) उपचार के संबंध में भिन्न हैं ।

**52.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में सरकारी सेवक पर समन की तामील का उपबंध किस धारा के अन्तर्गत है ?

(a) धारा 66 (b) धारा 64 (c) धारा 67 (d) धारा 63

**53.** मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय को न्यायालय की शक्तियाँ होंगी :

(a) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (b) न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी

(c) न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी (d) इनमें से कोई नहीं

**54.** किसी अपराध का संक्षिप्त विचारण हो सकता है, यदि वह अपराध निम्नलिखित (अवधि) से अधिक की अवधि के कारावास से दण्डनीय नहीं है :

(a) छः माह (b) एक वर्ष (c) दो वर्ष (d) तीन वर्ष

**55.** दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित में से कौन सी धारा 'पीड़ित प्रतिकर स्कीम' के लिए प्रावधान करती है ?

(a) धारा 357 (b) धारा 357 क (c) धारा 357 ख (d) धारा 357 ग

**56.** निम्नलिखित में से कौन दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अन्तर्गत पुनरीक्षण की शक्ति का उपयोग कर सकता है ?

(a) न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (b) मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट

(c) कार्यपालक मजिस्ट्रेट (d) सत्र न्यायालय और उच्च न्यायालय

**57.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 439 उपबन्धित करती है :

(a) जमानत के बारे में उच्च न्यायालय या सेशन न्यायालय की विशेष शक्तियाँ

(b) प्रतिभूओं का उन्मोचन

(c) मुचलके के बजाय निक्षेप

(d) अभिरक्षा से उन्मोचन

**58.** दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित कौन सी धारा यह उपबंधित करती है कि "जब किसी व्यक्ति को मृत्यु का दण्डादेश दिया जाता है, तो वह दण्डादेश यह निदेश देगा कि उसे गर्दन में फाँसी लगाकर तब तक लटकाया जाए, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए" ?

(a) धारा 354 (2) (b) धारा 354 (3) (c) धारा 354 (4) (d) धारा 354 (5)

**59.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में माफी मांगने पर अपराधी का उन्मोचन का उपबंध है, अन्तर्गत :

(a) धारा 339 (b) धारा 348 (c) धारा 388 (d) धारा 458

**60.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 446 के अन्तर्गत आदेश में अपील किये जाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा प्रावधान सम्बन्धित है ?

(a) धारा 286 (b) धारा 388 (c) धारा 449 (d) धारा 450

**61.** न्यायिक मजिस्ट्रेट के सम्बन्ध में सामान्य नियंत्रण उपबंधित है :

(a) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 13 (b) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 14 (ग)

(c) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 15 (d) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 12

**62.** 'A' is accused of theft on one occasion and of causing grievous hurt on another occusions by applying Section 218 of Criminal Procedure Code, 1973, which one of the following statement is correct ?

(a) 'A' must be separately charged and separately tried for the theft and causing grievous hurt.

(b) 'A' must be charged and tried for the theft and causing grievous hurt together.

(c) 'A' can be charged only for theft.

(d) None of these

**63.** If the conviction is set aside on appeal or otherwise, the bond executed under Section 106, Criminal Procedure Code for keeping the peace on conviction shall become

(a) Valid (b) Illegal (c) Void (d) None of these

**64.** Under the Uttarakhand Police Act, 2007, who among the following is empowered to create Special Crime Investigation Unit for Police districts ?

(a) State Government (b) Director General of Police

(c) High Court (d) State Police Board

**65.** The responsibility to maintain a "Prosecution Witness Register" about the witnesses appearing on the scheduled date of hearing rests with

(a) Officer-in-charge of police station

(b) Assistant Public Prosecutor

(c) Public Prosecutor

(d) Magistrate

**66.** According to Uttarakhand Police Act, 2007, what is the minimum rank of the officer, in-charge of a police station ?

(a) Assistant Superintendent of Police (b) Inspector of Police

(c) Assistant Inspector of Police (d) Sub-Inspector of Police

**67.** The overall control, direction and supervision of the Police force of Uttarakhand is the liability of

(a) Deputy Commissioner of Police

(b) Principal Secretary (Home) of the Central Government

(c) Director General of Police

(d) Deputy Inspector General of Police

**68.** Under the Uttarakhand Police Act, 2007, who among the following has power of disposal of unclaimed movable property observing prescribed manner ?

(a) Superintendent of Police (b) Director General of Police

(c) Competent Court (d) Circle Officer

**69.** What will be effect according to Criminal Procedure Code, 1973, if a judge dies after writing Judgement but before delivering it ?

(a) The Judgement will be final as long as the judge has signed it.

(b) The Judgement will be final if his successor comes and delivers it.

(c) The Judgement will be final in criminal proceedings.

(d) The Judgement will be considered merely as an opinion.

**62.** ‘क’ एक अवसर पर चोरी का अभियुक्त है और दूसरे अवसर पर घोर उपहति का अभियुक्त है, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 218 का उपयोग करते हुए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) ‘क’ का चोरी और घोर उपहति दोनों के लिए पृथक-पृथक रूप से आरोप और विचारण होना चाहिए ।

(b) ‘क’ का चोरी और घोर उपहति दोनों के लिए साथ-साथ आरोप और विचारण होना चाहिए ।

(c) ‘क’ पर केवल चोरी का आरोप लग सकता है ।

(d) इनमें से कोई नहीं

**63.** यदि दोष सिद्धि, अपील पर या अन्यथा अपास्त कर दी जाती है, तो दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 106 के अन्तर्गत निष्पादित बन्धपत्र

(a) वैध रहेगा ।  (b) अविधिक हो जायेगा ।

(c) शून्य हो जायेगा ।  (d) इनमें से कोई नहीं

**64.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौन किसी पुलिस जिले के लिए विशेष अपराध अन्वेषण इकाई गठित करने के लिए प्राधिकृत है ?

(a) राज्य सरकार  (b) पुलिस महानिदेशक  (c) उच्च न्यायालय  (d) राज्य पुलिस परिषद्

**65.** पेशी पर उपस्थित होने वाले साक्षियों के संदर्भ में “अभियोजन साक्षी रजिस्टर” रखने का दायित्व है :

(a) पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी का  (b) सहायक लोक अभियोजक का

(c) लोक अभियोजक का  (d) मजिस्ट्रेट का

**66.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अनुसार किसी पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी का न्यूनतम रैंक क्या होता है ?

(a) सहायक पुलिस अधीक्षक  (b) पुलिस निरीक्षक

(c) सहायक पुलिस निरीक्षक  (d) पुलिस उप-निरीक्षक

**67.** उत्तराखण्ड के पुलिस बल के समग्र नियंत्रण, निदेशन और पर्यवेक्षण का दायित्व है :

(a) पुलिस उपायुक्त पर  (b) केन्द्र सरकार में प्रमुख सचिव (गृह) पर

(c) पुलिस महानिदेशक पर  (d) पुलिस उपमहानिरीक्षक पर

**68.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत विहित प्रक्रिया अपनाकर अदावित जंगम सम्पत्ति के विस्तारण की शक्ति निम्नलिखित में से किसके पास है ?

(a) पुलिस अधीक्षक  (b) पुलिस महानिरीक्षक  (c) सक्षम न्यायालय  (d) सर्किल अधिकारी

**69.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अनुसार क्या प्रभाव होगा, यदि निर्णय लिखने के पश्चात् लेकिन निर्णय सुनाए जाने के पूर्व, न्यायाधीश की मृत्यु हो जाती है ?

(a) निर्णय अन्तिम होगा, जहाँ तक न्यायाधीश ने इसमें हस्ताक्षर कर दिए है ।

(b) निर्णय अन्तिम होगा, यदि उसका उत्तराधिकारी आ जाता है, और उसको सुना (निर्गत) देता है ।

(c) निर्णय आपराधिक प्रक्रिया में अन्तिम होगा ।

(d) निर्णय को मात्र एक राय के रूप में माना जाएगा ।

**70.** Which Chapter of Uttarakhand Police Act, 2007 is related to the 'administration of Police Force' ?

(a) Chapter II (b) Chapter IV (c) Chapter V (d) Chapter III

**71.** Under the Uttarakhand Police Act, 2007, a police officer is considered on duty for :

(a) Eight hours (b) Always (c) Ten hours (d) Twenty hours

**72.** A public Prosecutor can :

(a) read the police diary
(b) consult the investigation officer
(c) inspect the police record
(d) All of these

**73.** Uttarakhand Police Act, 2007 was enacted in pursuance of this decision of the Supreme Court regarding the police reforms

(a) KPS Gill V/s. Rupan Deol Bajaj
(b) Ruchika Girhotra V/s. SPS Rathore
(c) Prakash Singh V/s. Union of India
(d) Daya Nayak V/s. State of Maharashtra

**74.** The minimum number of Police Stations permitted under a circle are –

(a) two (b) five (c) three (d) four

**75.** Where a person intends to organize a procession on any road or convene a public meeting at a public place, such person is required to inform –

(a) the Officer-in-Charge of the concerned police station
(b) the District Magistrate
(c) the Superintendent of Police of the district
(d) All of these

**76.** According to Section 23(3) of Uttarakhand Police Act, 2007, a Deputy Superintendent of Police, may award the punishment to a Police Inspector on disciplinary grounds

(a) Reduction in salary (b) Withholding of increment
(c) Reprimand or censure (d) All of these

**77.** An Officer-in-Charge of a police station before whom information of any offence is given may investigate it even without a court's order, only if it is –

(a) a non-cognizable offence (b) a cognizable offence
(c) a bailable offence (d) a non-bailable offence

**78.** Provision to establish Uttarakhand State Police Complaint Authority for inquiry into the complaints against the police officers of the Additional Police Superintendent and higher status to them, inserted in the Uttarakhand Police Act by amendment of

(a) 2018 (b) 2019 (c) 2020 (d) 2017

**79.** Under the Uttarakhand Police Act, 2007 who is empowered to frame rules for witness protection as a measure of 'Human Rights Protection' ?

(a) State Government (b) Legislative Assembly
(c) State Human Right Commission (d) Director General of Police

**70.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 का कौन सा अध्याय 'पुलिस बल का प्रशासन' से सम्बन्धित है ?
(a) अध्याय दो (b) अध्याय चार (c) अध्याय पाँच (d) अध्याय तीन

**71.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत, एक पुलिस अधिकारी ड्यूटी (कार्य) में माना जाता है
(a) आठ घण्टे के लिए (b) निरन्तर
(c) दस घण्टे के लिए (d) बीस घण्टे के लिए

**72.** एक लोक अभियोजक कर सकता है :
(a) पुलिस डायरी को पढ़ सकता है । (b) जाँचकर्ता अधिकारी से परामर्श कर सकता है ।
(c) पुलिस पत्रावली का निरीक्षण कर सकता है । (d) उपर्युक्त सभी

**73.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 को उच्चतम न्यायालय के पुलिस सुधारों सम्बन्धी इस निर्णय के अनुपालन स्वरूप अधिनियमित किया गया ?
(a) के.पी.एस. गिल बनाम रूपन देओल बजाज (b) रुचिका गिरोत्रा बनाम एस.पी.एस. राठोर
(c) प्रकाश सिंह बनाम भारत संघ (d) दया नायक बनाम महाराष्ट्र राज्य

**74.** एक सर्किल के अधीन पुलिस थानों की न्यूनतम संख्या होती है :
(a) दो (b) पाँच (c) तीन (d) चार

**75.** यदि कोई व्यक्ति किसी मार्ग पर कोई जुलूस निकालना अथवा किसी सार्वजनिक स्थान पर जनसभा आयोजित करना चाहता है तो ऐसे व्यक्ति के लिए आवश्यक है कि वह सूचित करे –
(a) सम्बन्धित पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को (b) जिला मजिस्ट्रेट को
(c) जिले के पुलिस अधीक्षक को (d) उपर्युक्त सभी को

**76.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 23(3) के अन्तर्गत एक पुलिस उपअधीक्षक किसी पुलिस निरीक्षक को अनुशासनात्मक आधारों पर यह दण्ड दे सकता है :
(a) वेतन में कटौती (b) वेतन वृद्धि रोकना (c) परिनिन्दा या भर्त्सना (d) उपर्युक्त सभी

**77.** किसी पुलिस थाने का प्रभारी अधिकारी जिसके समक्ष किसी अपराध के घटित होने की सूचना लाई जाती है, बिना न्यायालय के आदेश के उसका अन्वेषण तभी कर सकेगा यदि वह
(a) एक असंज्ञेय अपराध हो । (b) एक संज्ञेय अपराध हो ।
(c) एक जमानतीय अपराध हो । (d) एक गैर–जमानतीय अपराध हो ।

**78.** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उससे उच्चस्थ प्रास्थिति के पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतों के लिए उत्तराखण्ड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण की स्थापना का उपबंध उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम में अन्तः स्थापित किया गया
(a) वर्ष 2018 के संशोधन द्वारा (b) वर्ष 2019 के संशोधन द्वारा
(c) वर्ष 2020 के संशोधन द्वारा (d) वर्ष 2017 के संशोधन द्वारा

**79.** उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत, 'मानवाधिकार संरक्षण' के उपाय के रूप में साक्षी के संरक्षण के लिए नियम बनाने की शक्ति किसे प्राप्त है ?
(a) राज्य सरकार को (b) विधान सभा को
(c) राज्य मानवाधिकार आयोग को (d) पुलिस महानिदेशक को

**80.** Which provision of Indian Penal Code says "nothing is an offence which is done by accident" ?

(a) Section 79 (b) Section 80 (c) Section 78 (d) Section 81

**81.** How many kinds of hurt are designated as 'grievous' under Section 320 of Indian Penal Code ?

(a) Seven (b) Six (c) Nine (d) Eight

**82.** The object of Section 92 of Indian Penal Code 1860 is :

(a) protection to doctors / medical practitioners.
(b) protection to legal practitioners.
(c) protection to intoxicated persons.
(d) All of these.

**83.** Sometimes a person himself does not commit an offence, he only aids another person. He is guilty of the offence :

(a) Common intention (b) Abetment
(c) Common object (d) Criminal conspiracy

**84.** A, a police officer, tortures Z in order to induce Z to confess that he committed a crime. A is guilty of an offence under :

(a) Section 328 of IPC (b) Section 329 of IPC
(c) Section 330 of IPC (d) Section 327 of IPC

**85.** A makes an attempt to pick the pocket of Z by thrusting his hand into Z's pocket. A fails in the attempt in consequence of Z's having nothing in his pocket. A is guilty under :

(a) Section 499 IPC (b) Section 503 IPC
(c) Section 504 IPC (d) Section 511 IPC

**86.** A voluntarily burns a valuable security belonging to Z intending to cause wrongful loss to Z. A has committed the offence of :

(a) Theft (b) Mischief
(c) Dacoity (d) Cheating by personation

**87.** Whenever force or violence is used by an unlawful assembly, or by any member thereof, in prosecution of the common object of such assembly, every member of such assembly is guilty of the offence of :

(a) Rioting (b) Affray
(c) Sedition (d) None of these

**88.** Section 308 of Indian Penal Code relates to :

(a) Thug
(b) Attempt to commit suicide
(c) Attempt to murder
(d) Attempt to commit culpable homicide

**89.** Age of minor for the offence of kidnapping from lawful guardianship should be :

(a) under twenty years.
(b) under twenty one years.
(c) under sixteen years if male and under eighteen years of age if a female.
(d) under twenty one years of male and under eighteen years of female.

**80.** भारतीय दंड संहिता का कौन सा प्रावधान कहता है कि "कोई अपराध नहीं है जो दुर्घटना से घटित होता है" ?

(a) धारा 79 (b) धारा 80 (c) धारा 78 (d) धारा 81

**81.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 320 के अन्तर्गत कितने प्रकार की उपहति 'घोर' कहलाती हैं ?

(a) सात (b) छः (c) नौ (d) आठ

**82.** भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 92 का उद्देश्य है :

(a) चिकित्सकों/चिकित्सा व्यवसायियों को संरक्षण (b) विधि व्यवसायियों को संरक्षण

(c) मत्तता की स्थिति के व्यक्तियों को संरक्षण (d) उपर्युक्त सभी

**83.** कभी व्यक्ति स्वयं अपराध नहीं करता है, वह दूसरे व्यक्ति को केवल सहायता करता है । वह अपराध का दोषी है :

(a) सामान्य आशय (b) दुष्प्रेरण (c) सामान्य उद्देश्य (d) आपराधिक षड्यंत्र

**84.** 'क', एक पुलिस ऑफिसर, 'य' को यह संस्वीकृति करने को, कि उसने अपराध किया है, उत्प्रेरित करने के लिए यातना देता है । 'क' दोषी है, अन्तर्गत :

(a) भा.द.स. की धारा 328 (b) भा.द.स. की धारा 329

(c) भा.द.स. की धारा 330 (d) भा.द.स. की धारा 327

**85.** क, य की जेब में हाथ डालकर य की जेब से चुराने का प्रयत्न करता है । य की जेब में कुछ न होने के परिणामस्वरूप 'क' अपने प्रयत्न में असफल रहता है । 'क' दोषी है, अन्तर्गत :

(a) भा.द.स. की धारा 499 (b) भा.द.स. की धारा 503

(c) भा.द.स. की धारा 504 (d) भा.द.स. की धारा 511

**86.** 'य' को सदोष हानि कारित करने के आशय से 'य' की मूल्यवान प्रतिभूतियों को 'क' स्वेच्छया जला देता है । 'क' ने अपराध किया है :

(a) चोरी का (b) रिष्टि का (c) डकैती का (d) प्रतिरूपण द्वारा छल का

**87.** जब किसी विधि विरुद्ध जमाव द्वारा या उसके किसी सदस्य द्वारा ऐसे जमाव के सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने में बल या हिंसा का प्रयोग किया जाता है, तब ऐसे जमाव का हर सदस्य दोषी होगा :

(a) बल्वा का (b) दंगा का

(c) राजद्रोह का (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 308 सम्बन्धित है :

(a) ठग से (b) आत्महत्या करने के प्रयत्न से

(c) हत्या करने के प्रयत्न से (d) सदोष मानववध करने के प्रयत्न से

**89.** विधिपूर्ण संरक्षकता से व्यपहरण के लिए अप्राप्तवय की आयु होनी चाहिए

(a) बीस वर्ष के अन्दर

(b) इक्कीस वर्ष के अन्दर

(c) यदि पुरुष हो तो सोलह वर्ष से कम और यदि महिला हो तो अठारह वर्ष से कम आयु

(d) पुरुष हो तो इक्कीस वर्ष से कम और महिला हो तो अठारह वर्ष से कम आयु

**90.** In which case the court has held that sharing of common intention could be even at the place of occurrence ?
(a) Barendra Kumar Ghosh v/s. King Emperor
(b) Mahboob Shah v/s. King Emperor
(c) Kripal Singh v/s. State of U.P.
(d) Rishi Deo Pandey v/s. State of U.P.

**91.** Under which section of Indian Penal Code, committing theft in dwelling house etc. is punishable ?
(a) Section 380 (b) Section 379 (c) Section 381 (d) Section 383

**92.** For the offence committed under Section 376 E of the Indian Penal Code 1860, the punishment shall be ;
(a) Twenty years simple imprisonment
(b) Twenty years rigorous imprisonment
(c) Fourteen years rigorous imprisonment
(d) Life imprisonment or death

**93.** Which of the following offence under Indian Penal Code 1860 is an offence causing harm or damage to body, mind, reputation or property ?
(a) Trespass (b) Dacoity (c) Cheating (d) Defamation

**94.** For an unlawful assembly the minimum number of persons are required :
(a) Five (b) Ten (c) Seven (d) Three

**95.** Robbery is dacoity if committed conjointly by :
(a) more than two persons but less than five persons.
(b) five or more than five persons.
(c) at least seven persons.
(d) at least ten persons.

**96.** When the injury is intentional and sufficient to cause death in the ordinary course of nature, and as a consequence death has been caused, it is the offence of :
(a) attempt to murder
(b) culpable homicide not amounting to murder.
(c) murder
(d) grievous hurt

**97.** 'A' has sufficient food, but he does not give some of it to another person who is hungry and because of hunger that another person dies. 'A' is guilty of ;
(a) No offence (b) Attempt to commit murder
(c) Murder (d) Committing murder due to negligent act

**98.** 'Electronic record' under Indian Penal Code is defined in
(a) Section 29 (b) Section 29 A (c) Section 29 B (d) Section 29 D

**99.** Which one of the following sections of Indian Penal Code deals with vicarious liabilities in certain cases ?
(a) Section 120 A (b) Section 121 (c) Section 154 (d) Section 159

**100.** Under which section of Indian Penal Code, dishonest misappropriation of property has been defined ?
(a) Section 406 (b) Section 405 (c) Section 403 (d) Section 415

**90.** किस वाद में न्यायालय ने निर्णित किया कि सामान्य आशय का मिलना घटनास्थल पर भी हो सकता है ?

(a) बरेन्द्रकुमार घोष बनाम सम्राट (b) महबूब शाह बनाम सम्राट

(c) कृपाल सिंह बनाम उत्तरप्रदेश राज्य (d) रिषि देव पाण्डे बनाम उत्तरप्रदेश राज्य

**91.** भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत निवासगृह आदि में चोरी करना दण्डनीय है ?

(a) धारा 380 (b) धारा 379 (c) धारा 381 (d) धारा 383

**92.** भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 376 ङ में किये गये अपराध के लिए सजा होगी;

(a) बीस वर्षों का साधारण कारावास (b) बीस वर्षों का कठोर कारावास

(c) चौदह वर्षों का कठोर कारावास (d) आजीवन कारावास या मृत्युदण्ड

**93.** भारतीय दण्ड संहिता 1860 के अधीन निम्न में से कौन सा अपराध शारीरिक, मानसिक, ख्याति या सम्पत्ति के नुकसान या अपहानि कारित करने से सम्बन्धित अपराध है ?

(a) अतिचार का (b) डकैती का (c) छल का (d) मानहानि का

**94.** अवैध जमाव के लिए कम से कम कितने व्यक्तियों का होना आवश्यक है ?

(a) पाँच (b) दस (c) सात (d) तीन

**95.** संयुक्त होकर की गई लूट डकैती कहलाती है, जब वह कारित की जाए :

(a) दो से अधिक किन्तु पाँच से कम व्यक्तियों द्वारा (b) पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों द्वारा

(c) कम से कम सात व्यक्तियों द्वारा (d) कम से कम दस व्यक्तियों द्वारा

**96.** जब उपहति साशय हो एवं प्रकृति के सामान्य अनुक्रम में मृत्यु कारित करने के लिए पर्याप्त हो तथा परिणामस्वरूप मृत्यु कारित हुई हो, यह अपराध है :

(a) हत्या का प्रयास (b) सदोष मानववध जो हत्या की श्रेणी में नहीं आता

(c) हत्या (d) घोर उपहति

**97.** 'अ' के पास पर्याप्त भोजन है लेकिन इसमें से कुछ वह दूसरे व्यक्ति, जो भूखा है, को नहीं देता है और इस कारण वह दूसरा व्यक्ति मर जाता है । 'अ' दोषी है :

(a) कोई अपराध नहीं (b) हत्या के प्रयास का

(c) हत्या का (d) उपेक्षापूर्ण कार्य द्वारा मृत्यु कारित करने का

**98.** भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत 'इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख' को परिभाषित किया गया है

(a) धारा 29 में (b) धारा 29 क में (c) धारा 29 ख में (d) धारा 29 घ में

**99.** भारतीय दण्ड संहिता की निम्नलिखित धाराओं में से कौन सी धारा कुछ मामलों में प्रतिनिधिक दायित्व से सम्बन्धित है ?

(a) धारा 120 क (b) धारा 121 (c) धारा 154 (d) धारा 159

**100.** भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 406 (b) धारा 405 (c) धारा 403 (d) धारा 415